# राहें अनेक:मंजिल एक

## स्वाध्याय

### परिच्छेद 1


अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 9, 10 पर दी गई पंक्तियाँ (1 से 30 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:

[पात्र, गोपाल: ......................

............................... आपको भी कष्ट दिया।]

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. आत्माराम: अध्यापक

2. मनोहरलाल: अध्यापक


3. गोपाल: इंजीनियर (भूतपूर्व छात्र)

4. कैलाश: डाक्टर (भूतपूर्व छात्र)

5. मोहन: थलसेना में कप्तान (भूतपूर्व छात्र)

6. राकेश: आत्माराम का दस वर्षीय पुत्र

कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:



**उत्तर:** 1. एक बड़ी चौकोर मेज

2. मेज के तीनों ओर दो-दो कुरसियाँ

3. तश्तरी में रखे चाय के खाली प्याले

**कृ.3. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. आत्माराम के पुत्र का नाम ☐
2. आत्माराम के घर पर सबसे पहले आते हैं ☐
3. आत्माराम ने अपने तीन भूतपूर्व छात्रों के लिए इसका आयोजन किया है ☐
4. तीनों छात्रों ने अपनी पूरी कर ली ☐

**उत्तर:** 1. राकेश 2. मनोहरलाल

3. जलपान 4. ट्रेनिंग

**कृ.4. सही विकल्प चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. तीनों छात्रों ने दस साल पहले विद्यालय से _______ कक्षा उत्तीर्ण की थी।

(बारहवीं, दसवीं, आठवीं)

2. _______ अक्सर कक्षा में प्रथम आता था।

(कैलाश, गोपाल, मोहन)

3. कैलाश और मोहन गोपाल के _______ थे।

(दोस्त, पड़ोसी, सहपाठी)

4. राकेश एक प्लेट में कुछ _______ लेकर आता है।

(बिस्कुट, नमकीन, मिठाई)

**उत्तर:** 1. आठवीं 2. गोपाल

3. सहपाठी 4. बिस्कुट

**कृ.5. संगत शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. कैलाश भी तो पढ़ने में बहुत ढीला / तेज था न?
2. कैलाश और गोपाल में एक-दो अंकों / बातों का अंतर रहता था।

**उत्तर:** 1. तेज 2. अंकों

**कृ.6. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मनोहरलाल ने जलपान का आयोजन किया था। ☐
2. आत्माराम ने आमंत्रित तीनों भूतपूर्व छात्रों को पढ़ाया था। ☐
3. आमंत्रित तीनों भूतपूर्व छात्रों को मनोहरलाल नहीं जानते थे। ☐
4. कुछ दिनों के बाद ही आमंत्रित तीनों भूतपूर्व छात्र अपना-अपना कार्य सँभाल लेंगे। ☐

**उत्तर:** 1. असत्य 2. सत्य

3. असत्य 4. सत्य

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "कहिए आत्माराम जी, आज यह जलपान का आयोजन किस खुशी में किया है?"

2. "कुछ दिनों के बाद ही अपना-अपना कार्य सँभाल लेंगे।"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य मनोहरलाल ने आत्माराम से कहा।

2. यह वाक्य आत्माराम ने मनोहरलाल से कहा।

**कृ.8. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

**आप कैलाश, गोपाल और**
- राकेश को तो जानते होंगे?
- मोहन को तो जानते होंगे?
- आत्माराम को तो जानते होंगे?

2.

**मैंने आज इन लोगों को**
- घर बुलाया है।
- खाने पर आमंत्रित किया है।
- चाय पर आमंत्रित किया है।

**उत्तर:** 1. आप कैलाश, गोपाल और **मोहन को तो जानते होंगे?**

2. मैंने आज इन लोगों को **चाय पर आमंत्रित किया है।**

**कृ.9. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. राकेश मनोहरलाल को हाथ जोड़कर प्रणाम करता है।
2. मैंने आज इन लोगों को चाय पर आमंत्रित किया है।
3. ये तीनों अपनी-अपनी ट्रेनिंग पूरी करके इन दिनों घर आए हुए हैं।
4. मोहनलाल एक कुरसी पर बैठ जाते हैं।

**उत्तर:** 1. मोहनलाल एक कुरसी पर बैठ जाते हैं।

2. राकेश मनोहरलाल को हाथ जोड़कर प्रणाम करता है।
3. ये तीनों अपनी-अपनी ट्रेनिंग पूरी करके इन दिनों घर आए हुए हैं।
4. मैंने आज इन लोगों को चाय पर आमंत्रित किया है।


**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | |
|---|---|
| प्रबंध, | ______ |
| विद्यालय, | ______ |
| फर्क, | ______ |
| दीर्घायु | ______ |

**उत्तर:** आयोजन, पाठशाला, अंतर, चिरायु

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में खोजकर लिखिए:**




**उत्तर:** अनुत्तीर्ण, अंतिम, धीमा, आराम

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. कुरसियाँ 2. मेज
3. तश्तरी 4. खुशी

**उत्तर:** 1. कुरसी 2. मेजें
3. तश्तरियाँ 4. खुशियाँ

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**

1. अध्यापक 2. पुत्र

**उत्तर:** 1. अध्यापिका 2. पुत्री

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आ | म | त्मा | प | रा | स |

2.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | त्रि | प | मं | त | आ |

**उत्तर:** 1. आत्माराम 2. आमंत्रित

**कृ.6. शुद्ध-अशुद्ध शब्द अलग कीजिए:**




**उत्तर: शुद्ध शब्द:** आत्माराम, बंधु, अंतर, प्याला, कक्षा

**अशुद्ध शब्द:** पियाला, बंन्धु, कक्छा, अंत्र

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. एक कुरसी छोड़ सभी का सामने मेज पर चाइ का एक-एक खाली प्याला तश्तरी में रखा है।
2. मनोहरलाल की राकेश हाथ जोड़कर प्रमाण करता है।

**उत्तर:** 1. एक कुरसी छोड़ सभी **के** सामने मेज पर **चाय** का एक-एक खाली प्याला तश्तरी में रखा है।

2. मनोहरलाल **को** राकेश हाथ जोड़कर **प्रणाम** करता है।

**कृ.8. कोष्ठक में दिए विरामचिह्नों का उचित प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ? | , | । | " " | ! | – |

1. नमस्कार आइए बंधु विराजिए
2. आप कैलाश गोपाल और मोहन को तो जानते होंगे

3. हाँ आप ठीक समझे

4. यशस्वी बनो चिरायु हो

**उत्तर:** 1. नमस्कार। आइए बंधु, विराजिए।

2. आप कैलाश, गोपाल और मोहन को तो जानते होंगे?

3. हाँ, आप ठीक समझे।

4. यशस्वी बनो, चिरायु हो।

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग अलग करके लिखिए:**

| | |
|---|---|
| सहपाठी, चिरायु, आयोजन, आमंत्रित | ________ <br> ________ <br> ________ <br> ________ |

**उत्तर:** 1. सह + पाठी
उपसर्ग = सह

2. चिर + आयु
उपसर्ग = चिर

3. आ + योजन
उपसर्ग = आ

4. आ + मंत्रित
उपसर्ग = आ

**कृ.10.परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. कप्तान 2. तेज
3. अंतर 4. सँभाल

**उत्तर:** 1. कप्तान + ई = कप्तानी
2. तेज + ई = तेजी
3. अंतर + आल = अंतराल
4. सँभाल + ना = सँभालना

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर लिखिए:**

1. मेज पर खाली प्याला रखा है।
2. गोपाल अक्सर कक्षा में प्रथम आता था।

**उत्तर:** 1. पर – संबंधसूचक अव्यय
2. अक्सर – क्रियाविशेषण अव्यय

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर लिखिए:**

1. मेज पर खाली प्याला रखा है।
2. गोपाल अक्सर कक्षा में प्रथम आता था।

**उत्तर:** 1. पर – संबंधसूचक अव्यय

2. अक्सर – क्रियाविशेषण अव्यय

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. आत्माराम एक कुरसी पर बैठे हैं।
2. आप कैलाश, गोपाल और मोहन को तो जानते होंगे?

**उत्तर:** 1. आत्माराम, कुरसी

2. कैलाश, गोपाल, मोहन

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के भेद लिखिए:**

1. एक बड़ी चौकोर मेज पड़ी है जिसके तीन ओर छोटी-छोटी कुरसियाँ हैं।
2. मेज पर खाली प्याला रखा है। लंबी तश्तरी भी रखी है।

उत्तर:

| | क्रिया | विशेषण |
|---|---|---|
| 1. | – | चौकोर, छोटी-छोटी |
| 2. | रखा (रखना) | खाली, लंबी |

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. कौन हैं, ये लोग?
2. गोपाल वही तो नहीं जो कक्षा में प्रथम आता था।

**उत्तर**: 1. कौन, ये 2. वही, जो

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. मनोहरलाल एक कुरसी पर बैठ जाते हैं।
2. इन लोगों ने हमारे विद्यालय से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी।
3. कुछ दिनों बाद तीनों अपना कार्य सँभालेंगे।

**उत्तर**: 1. सामान्य वर्तमानकाल 2. पूर्ण भूतकाल
3. सामान्य भविष्यकाल

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. आत्माराम ने मनोहरलाल को जलपान पर क्यों बुलाया और क्या बताया?**

**उत्तर:** आत्माराम ने अपने तीन छात्रों की सफलता की खुशी में जलपान का आयोजन किया था, इसलिए उन्होंने उन आमंत्रित भूतपूर्व छात्रों के अध्यापक मनोहरलाल को भी जलपान पर बुलाया। इस दौरान आत्माराम ने मनोहरलाल को याद दिलाया कि गोपाल, कैलाश और मोहन तीनों ने दस साल पहले उनके विद्यालय से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। गोपाल और कैलाश पढ़ने में बहुत तेज थे। आत्माराम ने मनोहरलाल को बताया कि ये तीनों अपनी-अपनी ट्रेनिंग पूरी करके इन दिनों घर आए हुए हैं। कुछ दिनों के बाद ही तीनों अपना-अपना कार्य सँभाल लेंगे।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**क्र.1. आपके घर आपका कोई दोस्त आनेवाला है, ऐसे में अपनी तैयारियों के बारे में बताइए।**

**उत्तर:**
1. अपने घर को व्यवस्थित करूँगा।
2. दोस्त की पसंद का नाश्ता और भोजन बनाऊँगा।
3. उसके मनोरंजन के सभी साधनों की व्यवस्था करूँगा।
4. उसे अपनी उपलब्धियों जैसे-पुरस्कार, डाक-टिकट के अलबम, खिलाड़ियों के अलबम, फोटो-अलबम आदि दिखाऊँगा।

## परिच्छेद 2

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 10, 11 पर दी गई पंक्तियाँ (31 से 53 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[मनोहरलाल: अच्छा, ........................**

**.............................. राकेश जाता है।)]**


आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. मोहन फौज में कप्तान के रूप में
2. गोपाल इंजीनियर के रूप में
3. कैलाश डाक्टर के रूप में

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कैलाश 2. गोपाल

**कृ.3. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. दोनों मनोहरलाल को करते हैं
2. गोपाल इतने दिन पहले आया
3. मोहन इस वेशभूषा में है
4. राकेश ये लाने के लिए पूछता है

**उत्तर:** 1. अभिवादन 2. दस
3. फौजी 4. चाय

**कृ.4. सही विकल्प चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. गोपाल और कैलाश आत्माराम को _______ करते हैं।

   (याद, प्रणाम, सवाल)

2. दोनों साथ पड़ी _______ पर बैठते हैं।

   (मेज, चारपाई, कुरसियों)

3. वे दोनों बैठते हुए मनोहरलाल को _______ करते हैं।

   (अभिवादन, नमस्कार, सलाम)

4. मनोहरलाल दोनों को _______ देते हैं।

   (सलाह, आशीर्वाद, जवाब)

**उत्तर:** 1. प्रणाम 2. कुरसियों

3. अभिवादन 4. आशीर्वाद

**कृ.5. असंगत शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. अच्छा, ये लोग क्या-क्या पद / कार्य सँभालेंगे?
2. मोहन फौजी / पुलिसिया वेशभूषा में है।

**उत्तर:** 1. पद 2. पुलिसिया

**कृ.6. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. कैलाश फौज में कप्तान बनेगा।
2. मोहन को आए हुए तो लगभग दस दिन हो गए।

**उत्तर:** 1. असत्य 2. असत्य

**कृ.7. उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | मोहन | अ. | इंजीनियर |
| 2. | गोपाल | ब. | डाक्टर |
| 3. | कैलाश | क. | आचार्य |
| 4. | आत्माराम | ड. | कप्तान |

**उत्तर:** (1 – ड), (2 – अ), (3 – ब), (4 – क)।

**कृ.8. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "मोहन तो फौज में कप्तान बनेगा, गोपाल इंजीनियर बनेगा और कैलाश डाक्टर।"
2. "मुझे आए हुए तो लगभग दस दिन हो गए।"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य आत्माराम ने मनोहरलाल से कहा।

2. यह वाक्य गोपाल ने मनोहरलाल से कहा।

**कृ.9. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

| | |
|---|---|
| यह तो बताओ, | **कुशल से तो हो?** |
| कहो भाई, | |
| और सुनाओ, | |

2.

| | |
|---|---|
| हमारे लिए तो | **मोहन ही रहेगा।** |
| सबके लिए तो | |
| विद्यालय में तो | |

**उत्तर:** 1. **कहो भाई,** कुशल से तो हो?

2. **हमारे लिए तो** मोहन ही रहेगा।

**कृ.10. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. कैलाश और गोपाल खड़े होकर मोहन से हाथ मिलाते हैं।
2. कैलाश और गोपाल आते हैं।
3. राकेश आता है। वह कैलाश, मोहन और गोपाल को नमस्कार करता है।
4. मनोहरलाल दोनों को आशीर्वाद देते हैं।

**उत्तर:** 1. कैलाश और गोपाल आते हैं।

2. मनोहरलाल दोनों को आशीर्वाद देते हैं।

3. कैलाश और गोपाल खड़े होकर मोहन से हाथ मिलाते हैं।

4. राकेश आता है। वह कैलाश, मोहन और गोपाल को नमस्कार करता है।

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. आशीष
2. अनुकंपा
3. पोशाक
4. संशय

**उत्तर:** 1. आशीर्वाद 2. कृपा
3. वेशभूषा 4. संदेह

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. अकुशल 2. प्रस्थान
3. निर्गम 4. भरा


**उत्तर:** 1. कुशल 2. आगमन
3. प्रवेश 4. खाली

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. कुरसियाँ  2. वेशभूषा

**उत्तर:** 1. कुरसी  2. वेशभूषाएँ

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**




**उत्तर:** 1. आचार्या  2. बेटी

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | इं | जी | वि | नि | य | व | र |

2.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | अ | भि | स्वा | वा | द | न |

**उत्तर:** 1. इंजीनियर  2. अभिवादन

**कृ.6. शुद्ध-अशुद्ध शब्द अलग कीजिए:**

**शुद्ध शब्द**

इंजीनियर, आचार्य, अभीवादन,
आशिर्वाद, वेषभूषा, कमांडर,
अभिवादन, यशसवी, वेशभूषा

**अशुद्ध शब्द**

**उत्तर:** **शुद्ध शब्द:** इंजीनियर, आचार्य, कमांडर, अभिवादन, वेशभूषा

**अशुद्ध शब्द:** अभीवादन, आशिर्वाद, वेषभूषा, यशसवी

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. दोनों बैठते हुए मनोहरलाल की अभीवादन करते हैं।
2. मोहन का बैठ जाने पर वे भी अपने स्तान पर बैठ जाते हैं।

**उत्तर:** 1. दोनों बैठते हुए मनोहरलाल **को अभिवादन** करते हैं।

2. मोहन **के** बैठ जाने पर वे भी अपने **स्थान** पर बैठ जाते हैं।

**कृ.8. कोष्ठक में दिए विरामचिह्नों का उचित प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए:**

| ‘’ | , | ? | । | ! |
|---|---|---|---|---|

1. कहो भाई कुशल से तो हो
2. कहिए कप्तान साहब
3. इसमें संदेह भी क्या प्रणाम आचार्य जी
4. खुश रहो आओ बैठो बेटा

**उत्तर:** 1. ‘कहो भाई, कुशल से तो हो?’

2. ‘कहिए, कप्तान साहब।’
3. ‘इसमें संदेह भी क्या! प्रणाम, आचार्य जी।’
4. ‘खुश रहो, आओ बैठो, बेटा।’

**कृ.9. निम्नलिखित शब्द से उपसर्ग अलग कर उसी उपसर्ग से दो नए शब्द बनाइए:**

1. अभिवादन

**उत्तर:**

| **शब्द** | **उपसर्ग** | **नए शब्द** |
|---|---|---|
| अभिवादन | अभि | अभिनव, अभियान |

**कृ.10.परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. कुशल 2. कृपा

**उत्तर:**

| | शब्द | प्रत्यय | नए शब्द |
|---|---|---|---|
| 1. | कुशल | ता | कुशलता |
| 2. | कृपा | आलु | कृपालु |

**कृ.11.निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. अच्छा (विस्मयादिबोधक अव्यय)
2. आजकल (क्रियाविशेषण अव्यय)

**उत्तर:** 1. **अच्छा**! यह तुमने किया।

2. **आजकल** आम का मौसम है।

**क्र.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. मोहन तो फौज में कप्तान बनेगा, गोपाल इंजीनियर बनेगा और कैलाश डाक्टर।
2. मनोहरलाल कुरसी पर बैठ जाते हैं।

**उत्तर:** 1. मोहन, फौज, कप्तान, गोपाल, इंजीनियर, कैलाश, डाक्टर

2. मनोहरलाल, कुरसी

**क्र.13.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. मुझे आए दस दिन हो गए। वह कल आया।
2. उसने मुझसे उसके बारे में बताया था।

**उत्तर:** 1. मुझे, वह 2. उसने, मुझसे, उसके

**क्र.14.निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण खोजकर लिखिए:**

1. मोहन एक कुशल खिलाड़ी है।
2. कैलाश पढ़ाई में तेज है।

**उत्तर:** 1. एक, कुशल 2. तेज

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. दोनों साथ पड़ी कुरसियों पर बैठते हैं।
2. कैलाश कल आया था।
3. गोपाल इंजीनियर बनेगा।
4. राकेश चाय ला रहा है।

**उत्तर:** 1. सामान्य वर्तमानकाल

2. पूर्ण भूतकाल
3. सामान्य भविष्यकाल
4. अपूर्ण वर्तमानकाल

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**कृ.1. आत्माराम जी ने कैलाश, गोपाल और मोहन का परिचय कैसे दिया?**

**उत्तर:** आत्माराम ने कैलाश, गोपाल और मोहन का परिचय देते हुए कहा कि यह तीनों करीब दस वर्ष पूर्व उनके विद्यालय में पढ़ते थे। गोपाल प्राय: कक्षा में प्रथम आता था। गोपाल, मोहन और कैलाश तीनों सहपाठी थे। गोपाल की भाँति कैलाश भी पढ़ने में बहुत तेज था। तीनों हाल ही में अपनी ट्रेनिंग पूरी कर घर पर लौटे हैं। कुछ दिनों के बाद कैलाश डाक्टर, गोपाल इंजीनियर और मोहन फौज में कप्तान के रूप मे कार्य करेगा।

आत्माराम ने इस प्रकार कैलाश, गोपाल तथा मोहन का परिचय दिया।

स्वमत अभिव्यक्ति

कृ.1. सैनिक, डाक्टर, इंजीनियर के अतिरिक्त अन्य रूपों में भी कार्य करके युवा अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं।




उत्तर: 1. वैज्ञानिक 2. पुलिस

3. शिक्षक 4. वकील

5. उद्योगपति 6. पत्रकार

7. खिलाड़ी 8. समाजसेवक

कृ.2. **आप बड़े होकर इस तरह देश की सेवा करेंगे**

**उत्तर:** मैं बड़ा होकर एक उद्योगपति बनना चाहूँगा। मैं अपने देश में बड़े-बड़े उद्योग खोलना चाहता हूँ, जिससे मैं अपने देश में प्राप्त होने वाले कच्चे माल से नए-नए उत्पाद बनाऊँगा। हमें आज भी कई वस्तुओं के लिए विदेशों पर निर्भर होना पड़ता है। विदेशों से महँगे दामों में वस्तुएँ आयात करनी पड़ती हैं, इससे विदेशियों को लाभ होता है। अत: मैं अपने ही देश में आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करूँगा। इसका लाभ यह होगा कि हम अपने देश की वस्तुएँ ही उपयोग में लाएँगे। अपने देश के नागरिकों को रोजगार मिलेगा। स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री होगी, तो देश का पैसा देश में रहेगा। लोगों को रोजगार मिलेगा, तो देश में खुशहाली आएगी। देश संपन्न और विकसित होगा। इस तरह मैं उद्योग पति बनकर देश की सेवा करूँगा।

## परिच्छेद 3

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 11 पर दी गई पंक्तियाँ (54 से 68 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[मनोहरलाल: हाँ, तो ......................**

**.............................. सेवा कर सकूँगा।]**

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:

गुरुदेव यह कहा करते थे → [ ]

उत्तर: सबै भूमि गोपाल की।

## कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:





**उत्तर:** 1. भारत की अपेक्षा अन्य देश उद्योग में बड़ी उन्नति कर रहे हैं।

2. हमारे देश में कुशल इंजीनियरों की बड़ी आवश्यकता है।

3. प्रत्येक दिन निर्माण के नए-नए कार्य होते हैं।

4. तभी से मन में इंजीनियर बन कर देश की सेवा का संकल्प लिया।

## कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:




**उत्तर:** इंजीनियर बनकर अपने देश की सेवा करना।

**कृ.4. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. दक्षिण भारत में एक स्थान पर बन रहा है ☐
2. गोपाल पूरे भारत को अपना यह मानता है ☐
3. राकेश लेकर आता है ☐
4. गोपाल रोज पढ़ा करता था ☐

**उत्तर:** 1. बाँध 2. घर
3. चाय 4. अखबार

**कृ.5. सही विकल्प चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. "तुम्हारा नाम भी तो _______ है।"
(मोहन, गोपाल, राकेश)

2. "मुझे तुम्हारी इस _______ से बड़ा सुख मिला।"
(बात, काम, भावना)

**उत्तर:** 1. गोपाल 2. भावना

**कृ.6. संगत शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. "गोपाल बाबू, तुम्हें पर्यटन / नौकरी पर कहाँ जाना है?"
2. राकेश चायदानी मेज / जमीन पर रखता है।

**उत्तर:** 1. नौकरी 2. मेज

**कृ.7. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. गोपाल के लिए सारा भारत ही अपना घर है। ☐
2. मनोहरलाल चाय को प्यालों में भरने के लिए खड़े होते हैं। ☐

3. हमारे देश में कुशल इंजीनियरों की बड़ी जरूरत है।

4. गोपाल इंजीनियर बनकर आराम करना चाहता है।

**उत्तरः** 1. सत्य 2. असत्य

3. सत्य 4. असत्य

**क्र.8. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहेः**

1. "गुरुदेव, आप ही तो कहा करते थे: 'सबै भूमि गोपाल की।'"

2. "आपके आशीर्वाद से अब मैं अपने देश की सेवा कर सकूँगा।"

**उत्तरः** 1. यह वाक्य गोपाल ने आत्माराम से कहा।

2. यह वाक्य गोपाल ने मनोहरलाल से कहा।

**क्र.9. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

हमारे देश में छात्रों

हमारे देश में उद्योगों

हमारे देश में कुशल इंजीनियरों

**की बड़ी आवश्यकता है।**

2.

आपके आशीर्वाद से अब मैं

आपकी सहायता से मैं

आपके मार्गदर्शन से मैं

**अपने देश की सेवा कर सकूँगा।**

**उत्तरः** 1. **हमारे देश में कुशल इंजीनियरों** की बड़ी आवश्यकता है।

2. **आपके आशीर्वाद से अब मैं** अपने देश की सेवा कर सकूँगा।

**कृ.10.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. सब लोग चाय पीने लगते हैं।
2. दक्षिण भारत में एक स्थान पर बाँध बन रहा है।
3. आपके आशीर्वाद से अब मैं अपने देश की सेवा कर सकूँगा।
4. राकेश ट्रे में चाय लेकर आता है।

**उत्तर:** 1. दक्षिण भारत में एक स्थान पर बाँध बन रहा है।

2. राकेश ट्रे में चाय लेकर आता है।
3. सब लोग चाय पीने लगते हैं।
4. आपके आशीर्वाद से अब मैं अपने देश की सेवा कर सकूँगा।

## व्याकरण कृतियाँ

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

जगह, समाचारपत्र, निपुण,
प्रगति, प्रण, तीमारदारी

**उत्तर:** 1. स्थान 2. अखबार
3. कुशल 4. उन्नति
5. संकल्प 6. सेवा

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

नापसंद,
पुराने, अनावश्यकता
विध्वंस,

**उत्तर:** 1. पसंद 2. नए
3. निर्माण 4. आवश्यकता

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए:**

1. नौकरी 2. भावना
3. प्याले 4. चायदानी

**उत्तर:** 1. नौकरियाँ 2. भावनाएँ
3. प्याला 4. चायदानियाँ

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प | चा | य | सा | दा | न | नी |
| 2. | सु | आ | भा | शी | र्वा | द | स |

**उत्तर:** 1. चायदानी 2. आशीर्वाद

**कृ.5. शुद्ध-अशुद्ध शब्द अलग कीजिए:**

दक्षिण, नोकरी, सभै,
नौकरी, दक्खिन, इंजिनियर,
सबै, इंजीनियर

**उत्तर:**

| शुद्ध शब्द | अशुद्ध शब्द |
|---|---|
| दक्षिण | दक्खिन |
| नौकरी | नोकरी |
| सबै | सभै |
| इंजीनियर | इंजिनियर |

**कृ.6. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ बताकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

सबै भूमि गोपाल की

**उत्तर: सबै भूमि गोपाल की** – अलग-अलग देशों से बना संसार एक है।

**वाक्य:** यहाँ न कुछ तेरा-न कुछ मेरा सबै भूमि गोपाल की है।

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध करके लिखिए:**

1. आत्माराम चाय के पयालों में भरने को लिए खड़े होते हैं।
2. मैंने इंजीनियर बनकर देश का सेवा का सन्कल्प लिया।

**उत्तर:** 1. आत्माराम चाय **को प्यालों** में भरने के लिए खड़े होते हैं।

2. मैंने इंजीनियर बनकर देश **की** सेवा का **संकल्प** लिया।

**कृ.8. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुनः लिखिए:**

1. हाँ तो गोपाल बाबू तुम्हें नौकरी पर कहाँ जाना है
2. गुरुदेव आप ही तो कहा करते थे सबै भूमि गोपाल की फिर सारा भारत ही अपना घर है

**उत्तर:** 1. "हाँ, तो गोपाल बाबू, तुम्हें नौकरी पर कहाँ जाना है?"

2. "गुरुदेव, आप ही तो कहा करते थे: 'सबै भूमि गोपाल की।' फिर सारा भारत ही अपना घर है।"

**कृ.9. परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | स्थान | 2. | भावना |
| 3. | निर्माण | 4. | देश |

**उत्तर:** 1. प्र + स्थान = प्रस्थान

2. सम् + भावना = संभावना

3. वि + निर्माण = विनिर्माण

4. प्र + देश = प्रदेश

**कृ.10.परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिण | 2. | भारत |
| 3. | स्थान | 4. | पसंद |

**उत्तर:** 1. दक्षिण + आयन = दक्षिणायन

2. भारत + ईय = भारतीय

3. स्थान + इक = स्थानिक

4. पसंद + गी = पसंदगी

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. चायदानी मेज पर रखी जाती है।
2. मैं रोज अखबारों में पढ़ा करता था कि अन्य देश उद्योग में बड़ी उन्नति कर रहे हैं।

**उत्तर:** 1. पर (संबंधसूचक अव्यय)

2. कि (समुच्चयबोधक अव्यय)

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. राकेश ट्रे में चाय लेकर आता है।
2. गोपाल अब इंजीनियर बनेगा।

**उत्तर:** 1. राकेश, ट्रे, चाय 2. गोपाल, इंजीनियर

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. तुम, मुझसे बड़ी दूर जाओगे।
2. मुझे तुम्हारी इस भावना से सुख मिला।

**उत्तर:** 1. तुम, मुझसे 2. मुझे, तुम्हारी

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण खोजकर लिखिए:**

1. बड़ी चायदानी में गरम चाय है।
2. देश में कुशल इंजीनियरों की बहुत आवश्यकता है।

**उत्तर:** 1. बड़ी, गरम 2. कुशल, बहुत

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. गुरुदेव, आप ही तो कहा करते थे।
2. सारा भारत ही अपना घर है।
3. सब लोग चाय पीने लगते हैं।
4. अब मैं अपने देश की सेवा कर सकूँगा।

**उत्तर:** 1. अपूर्ण भूतकाल 2. पूर्ण वर्तमानकाल
3. सामान्य वर्तमानकाल 4. सामान्य भविष्यकाल

## पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी

**कृ.1. गोपाल ने इंजीनियर बनना क्यों पसंद किया था?**

**उत्तर:** गोपाल रोज़ अखबारों में पढ़ा करता था कि अन्य देश उद्योग में बड़ी उन्नति कर रहे हैं। आए दिन हमारे देश में निर्माण के नए-नए कार्य होते रहते हैं, जिसके लिए कुशल इंजीनियरों की बड़ी आवश्यकता है। गोपाल को निर्माणकार्यों में रुचि थी। बस तभी उसने मन में इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने का संकल्प लिया।

## स्वमत अभिव्यक्ति

**कृ.1.**



उत्तर: 1. देश में विश्वस्तर की इमारतों का निर्माण करना।
2. विभिन्न कारखानों-फैक्ट्रियों का निर्माण करना।
3. देश की जरूरत की हर मशीन का निर्माण करना।
4. नदियों पर बड़े-बड़े बाँध बनाकर बिजली-परियोजनाओं के सपने को साकार करना।
5. सड़कों और उड्डाणपुलों का निर्माण करना।
6. बंदरगाहों व हवाईअड्डों का निर्माण करना।
7. कृषि के काम आने वाले ट्रैक्टर तथा अन्य औजारों का निर्माण करना।
8. सेना के लिए हथियारों का निर्माण करना।
9. मोटरगाड़ियों का निर्माण करना।
10. अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत अनेकों खोज करना।


## परिच्छेद 4

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 11, 12 पर दी गई पंक्तियाँ (69 से 86 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[आत्माराम: ठीक है ......................**
**.............................. समाप्त करते हैं।]**

आकलन कृतियाँ

**कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कैलाश 2. गोपाल


**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कैलाश जब स्वयं बीमार हुआ, तब उसे अनुभव हुआ कि रोगी को कितनी पीड़ा होती है।

2. गोपाल जब बीमार हुआ तब कैलाश ने उसकी देखभाल की। गोपाल की सेवा में कैलाश को बड़ा सुख मिला।

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. वह डाक्टर बनेगा।

2. अपने देश के रोगी भाइयों का इलाज कर देश की सच्ची सेवा करेगा।

**कृ.4. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. कैलाश ने यह बनने की ठानी
2. रोगी को होती है
3. डाक्टर को रोगी के प्रति होती है
4. कैलाश की नियुक्ति यहाँ हुई

**उत्तर:** 1. डाक्टर 2. पीड़ा
3. सहानुभूति 4. गाँव

**कृ.5. सही विकल्प चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. डाक्टर कितनी ______ से रोगी का इलाज करता है।
(तत्परता, सहानुभूति, खुशी)

2. गाँव में ही जाकर तो मैं ______ की सच्ची सेवा कर सकूँगा।
(जनता-जनार्दन, आम जनता, गरीब जनता)

**उत्तर:** 1. सहानुभूति 2. जनता-जनार्दन

**कृ.6. असंगत शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. बचपन में आपने एक कहावत / कहानी सुनाई थी।
2. तुम्हारी पढ़ाई / नियुक्ति कहाँ हुई है?

**उत्तर:** 1. कहानी 2. पढ़ाई

**कृ.7. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. बीमार पड़ने पर कैलाश को रोगी की पीड़ा का अनुभव हुआ। [ ]
2. एक बार मोहन बहुत बीमार हुआ। [ ]
3. कैलाश को अस्पताल का इंचार्ज बन कर प्रसन्नता हुई। [ ]
4. सभी लोगों ने कॉफी समाप्त की। [ ]

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य
3. सत्य 4. असत्य

**कृ.8. उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | कैलाश | अ. | पीड़ा |
| 2. | रोगी | ब. | सेवा |
| 3. | अस्पताल | क. | डाक्टर |
| 4. | जनता-जनार्दन | ड. | इंचार्ज |

**उत्तर:** (1 – क), (2 – अ), (3 – ड), (4 – ब)।

**कृ.9. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "जाके पैर न फटी बिवाई, वह क्या जाने पीर पराई।"

यह वाक्य [ ] ने [ ] से कहा।

2.

| |
|---|
| "तुम गाँव में रह सकोगे?" |
| यह वाक्य [ ] ने [ ] से कहा। |

**उत्तर:** 1. कैलाश, आत्माराम

2. आत्माराम, कैलाश

**कृ.10. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

| | |
|---|---|
| **बचपन में आपने** | एक कविता सुनाई थी। |
| | एक कहावत सुनाई थी। |
| | एक कहानी सुनाई थी। |

2.

| | |
|---|---|
| **जाके पैर न फटी बिवाई** | उसने दवा लगाई। |
| | वह डाक्टर के पास गया। |
| | वह क्या जाने पीर पराई। |

**उत्तर:** 1. बचपन में आपने **एक कहावत सुनाई थी।**

2. जाके पैर न फटी बिवाई **वह क्या जाने पीर पराई।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. सहानुभूति | | 2. अवसर | |
| 3. निश्चय | | 4. इलाज | |

**उत्तर:** 1. हमदर्दी 2. मौका

3. तय 4. उपचार

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में खोजकर लिखिए:**

1. बुढ़ापा
2. अपनी
3. निरोगी
4. अप्रसन्नता

**उत्तर:** 1. बचपन   2. पराई

3. रोगी   4. प्रसन्नता

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

| कहावत, पीड़ा, नियुक्ति, सेवाएँ |
|---|

**उत्तर:** 1. कहावतें   2. पीड़ाएँ

3. नियुक्तियाँ   4. सेवा

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स | अ | र | नु | भि | व | ति |
| 2. | रा | म | दा | मा | री | र | ती |


**उत्तर:** 1. अवसर 2. तीमारदारी

**कृ.5. निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए:**

जाके पैर न फटी बिवाई, वह क्या जाने पीर पराई।

**उत्तर: जाके पैर न फटी बिवाई, वह क्या जाने पीर पराई** – जिसने स्वयं पीड़ा न सही हो वह दूसरों की पीड़ा नहीं समझ सकता।

**कृ.6. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** घायल की गति घायल जाने।

**क्.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. डाक्टर कितनी सहानूभुति से रोगी की इलाज करता है।
2. मुझे इसकी सेवा करने के अवसर मीला।

**उत्तर:** 1. डाक्टर कितनी **सहानुभूति** से रोगी **का** इलाज करता है।

2. मुझे इसकी सेवा करने **का** अवसर **मिला**।

**क्.8. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुन: लिखिए:**

1. ठीक है कैलाश से अच्छा कैलाश तुमने डाक्टर बनना क्यों पसंद किया
2. तुम गाँव में रह सकोगे वहाँ जाना तुम्हें बुरा तो नहीं लग रहा

**उत्तर:** 1. "ठीक है। (कैलाश से) अच्छा कैलाश! तुमने डाक्टर बनना क्यों पसंद किया?"

2. "तुम गाँव में रह सकोगे? वहाँ जाना तुम्हें बुरा तो नहीं लग रहा?"

**क्.9. परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए;**

1. रोगी 2. अवसर
3. इलाज 4. देश

**उत्तर:** 1. नि + रोगी = निरोगी

2. सु + अवसर = सुअवसर

3. ला + इलाज = लाइलाज

4. स्व + देश = स्वदेश

**कृ.10.परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. अनुभव   2. रोग

3. बड़ा   4. बुरा

**उत्तर:** 1. अनुभव + ई = अनुभवी

2. रोग + ई = रोगी

3. बड़ा + आई = बड़ाई

4. बुरा + आई = बुराई

**कृ.11.रेखांकित अव्यय के भेद पहचानकर लिखिए:**

1. एक बार मैं बहुत बीमार पड़ा था।

2. अच्छा! तुम गाँव जाओगे?

**उत्तर:** 1. एक बार (क्रियाविशेषण अव्यय)

2. अच्छा (विस्मयादिबोधक अव्यय)

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. गुरुदेव, बचपन में आपने एक कहावत सुनाई थी।

2. गाँव में ही जाकर तो मैं जनताजनार्दन की सच्ची सेवा कर सकूँगा।

**उत्तर:** 1. गुरुदेव, बचपन, कहावत

2. गाँव, जनताजनार्दन, सेवा

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. मुझे इसकी सेवा करने का अवसर मिला।
2. तुम गाँव में रह सकोगे?

**उत्तर:** 1. मुझे, इसकी  2. तुम

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण खोजकर लिखिए:**

1. मैं बहुत बीमार था।
2. रोगियों का इलाज ही सच्ची सेवा है।

**उत्तर:** 1. बहुत  2. सच्ची

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त क्रियाएँ खोजकर लिखिए:**

1. मैं रोगी का इलाज करता हूँ।
2. इसी में बड़ा सुख मिलता है।

**उत्तर:** 1. इलाज करता  2. मिलता (मिलना)

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त क्रियाएँ खोजकर लिखिए:**

1. मैं रोगी का इलाज करता हूँ।
2. इसी में बड़ा सुख मिलता है।

**उत्तर:** 1. इलाज करता  2. मिलता (मिलना)

**कृ.16.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. रोगी को कितनी पीड़ा होती है।
2. मुझे गोपाल की सेवा करने का अवसर मिला था।
3. मैं मरीजों का इलाज करूँगा।

**उत्तर:** 1. सामान्य वर्तमानकाल  2. पूर्ण भूतकाल
3. सामान्य भविष्यकाल

## पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी

**क्र.1. कैलाश डाक्टर बनकर क्या करना चाहता है?**

**उत्तर:** एक बार कैलाश बहुत बीमार पड़ा। अपनी इस बीमारी में उसे रोगी की पीड़ा और डाक्टर की सहानुभूति का अनुभव हुआ। इसके पश्चात अपने मित्र गोपाल की बीमारी में उसने बड़ी निष्ठा से उसकी तीमारदारी की थी। गोपाल की सेवा से कैलाश को बड़ा सुख प्राप्त हुआ था। इसी सुख को प्राप्त करने के लिए कैलाश डाक्टर बनकर गाँव में स्थित जनता-जनार्दन की सेवा करना चाहता है।

## स्वमत अभिव्यक्ति

कृ.1. आपके मतानुसार देशसेवा का मतलब।

उत्तर: मेरे मतानुसार देश और देशवासियों के हित में काम करना देशसेवा होती है। जैसे, विद्यार्थी उचित ढंग से शिक्षा ग्रहण कर अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए देश की सेवा कर सकते हैं। हम संविधान के नियम-कानून का पालन करें। यह भी एक प्रकार की देशसेवा है। गैरकानूनी कार्य करने से बचें। सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान न पहुँचाएँ। अपना प्रत्येक कार्य ईमानदारी से पूरा करें। भ्रष्टाचार को बढ़ावा न दें। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना भी देशसेवा कही जाएगी। हम सभी नागरिक प्रेम और भाईचारे के साथ रहें, यह सबसे बड़ी देशसेवा है।

## परिच्छेद 5


**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 12 पर दी गई पंक्तियाँ (87 से 106 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[मनोहरलाल: मोहन, ......................**

**.............................. परदा गिरता है।)]**

आकलन कृतियाँ


क्र.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. मोहन खेल-कूद में सबसे आगे था।

2. कई दौड़ों में उसे जिले में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिले थे।

क्र.2. आकृति पूर्ण कीजिए:



**उत्तर:** 1. मोहन इतिहास में भारत पर विदेशियों के आक्रमण की कहानी पढ़ता था, तो उसका खून खौल उठता था।

2. उसने निश्चय किया कि अपनी जन्मभूमि की रक्षा में मिट जाने में ही वह कल्याण मानेगा।

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**

(1) — **आज देश को ऐसे लोगों की जरूरत है** — (2)

**उत्तर:** 1. जो आपस में मिल-जुलकर रहें।

2. सच्चे दिल से देश की सेवा करें।

**कृ.4. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. मोहन इसमें कभी बहुत आगे नहीं रहा
2. मोहन के अनुसार जन्मभूमि की रक्षा में मिट जाने में है
3. तीनों दोस्त अलग-अलग रूपों में देश की करेंगे
4. तीनों दोस्तों की राहें अवश्य अलग-अलग हैं पर एक है –

**उत्तर:** 1. पढ़ाई-लिखाई 2. कल्याण

3. सेवा 4. मंजिल

**कृ.4. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. मोहन इसमें कभी बहुत आगे नहीं रहा
2. मोहन के अनुसार जन्मभूमि की रक्षा में मिट जाने में है
3. तीनों दोस्त अलग-अलग रूपों में देश की करेंगे
4. तीनों दोस्तों की राहें अवश्य अलग-अलग हैं पर एक है –

**उत्तर:** 1. पढ़ाई-लिखाई 2. कल्याण
3. सेवा 4. मंजिल

**क्र.5. सही विकल्प चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. मोहन इतिहास में भारत पर _______ के आक्रमण की कहानी पढ़ता था।

(दुश्मनों, आक्रांताओं, विदेशियों)

2. मोहन का _______ खौलने लगता था।

(खून, हृदय, पानी)

3. जन्मभूमि की सेवा बड़ी ही _______ भावना है।

(अच्छी, पुनीत, सुंदर)

4. तुम लोगों से मिलकर _______ को बड़ा सुख मिला।

(सब, हम, आत्मा)

**उत्तर:** 1. विदेशियों 2. खून

3. पुनीत 4. आत्मा

**क्र.6. असंगत शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. हम लोग ऐसा कोई भी कार्य नहीं करेंगे जिससे आपके नाम को बट्टा / बदनामी लगे।
2. हम लोगों को तुमसे यही उम्मीद / आशा है।
3. ऐसे ही युवक आज विद्यालय / देश को चाहिए।
4. ईश्वर की कृपा से खूब उन्नति / प्रगति करो।

**उत्तर:** 1. बदनामी 2. प्रेरणा

3. विद्यालय 4. प्रगति

**कृ.7. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मोहन पढ़ाई-लिखाई में आगे नहीं था। [ ]
2. मोहन खेल-कूद में सबसे आगे नहीं था। [ ]
3. मोहन ने निश्चय किया था कि वह सेना में भरती होगा। [ ]
4. आज देश को सच्चे दिल से सेवा करने वाले युवकों की आवश्यकता है। [ ]

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य

3. सत्य 4. सत्य

**कृ.8. उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | खेल-कूद में | अ. | सबसे आगे |
| 2. | दौड़ों में | ब. | देशसेवा |
| 3. | पुनीत | क. | भावना |
| 4. | मंजिल | ड. | सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार |

**उत्तर:** (1 – अ), (2 – ड), (3 – क), (4 – ब)।

**कृ.9. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "मोहन, तुमने फौज में जाना क्यों स्वीकार किया?"

यह वाक्य [ ] ने [ ] से कहा।

2. "मैंने निश्चय किया कि मैं सेना में भरती होऊँगा।"

यह वाक्य [ ] ने [ ] से कहा।

**उत्तर:** 1. मनोहरलाल, मोहन 2. मोहन, मनोहरलाल

**कृ.10.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1\. **तुमने फौज में जाना**
- क्यों पसंद किया?
- क्यों ठुकरा दिया?
- क्यों स्वीकार किया?

2\. **पर खेल-कूद में मैं**
- सबसे आगे था।
- सबसे पीछे था।
- कभी नहीं गया।

3\. **यह तो बड़ी ही**
- अच्छी बात है।
- पुनीत भावना है।
- बुरी बात है।

4\. **तुम्हारी राहें अवश्य**
- अलग-अलग हैं।
- सही दिशा में हैं।
- मंजिल तक पहुँचाएँगीं।

**उत्तर:** 1. तुमने फौज में जाना **क्यों स्वीकार किया?**

2. पर खेल-कूद में मैं **सबसे आगे था।**

3. यह तो बड़ी ही **पुनीत भावना है।**

4. तुम्हारी राहें अवश्य **अलग-अलग हैं।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. समानार्थी शब्दों की जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| 1. | फौज | अ. | नमन |
| 2. | पुरस्कार | ब. | हमला |
| 3. | आक्रमण | क. | सेना |
| 4. | प्रणाम | ड. | इनाम |

**उत्तर:** (1 – क), (2 – ड), (3 – ब), (4 – अ)।

**कृ.2. विरुद्धार्थी शब्दों की जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| 1. | सर्वश्रेष्ठ | अ. | अवनति |
| 2. | विदेशी | ब. | वृद्ध |
| 3. | युवक | क. | स्वदेशी |
| 4. | उन्नति | ड. | निम्नतर |

**उत्तर:** (1 – ड), (2 – क), (3 – ब), (4 – अ)।

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए:**

1. फौज 2. भावना
3. मंजिल 4. आशा

**उत्तर:** 1. फौजें 2. भावनाएँ
3. मंजिलें 4. आशाएँ

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स | का | र्व | री | श्रे | य | ष्ठ |

2.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | आ | श्य | व | दि | क | ल | ता |

**उत्तर:** 1. सर्वश्रेष्ठ 2. आवश्यकता

**कृ.5. अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए:**
आकरमण, जन्मभुमि, बिसवास, उन्नत्ति

**उत्तर:** आक्रमण, जन्मभूमि, विश्वास, उन्नति

**कृ.6. रेखांकित वाक्यांश के बदले कोष्ठक में दिए मुहावरों में से सही मुहावरे को चुनकर वाक्य फिर से लिखिए:**
**(खून खौलना, मिट जाना)**

1. किसी को भी गलत काम करते देख मैं क्रोधित हो उठता हूँ।
2. जाने कितने जवान देश की रक्षा में शहीद हो गए।

**उत्तर:** 1. किसी को भी गलत काम करते देख मेरा **खून खौलता है**।
2. जाने कितने जवान देश की रक्षा में **मिट गए**।

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध करके लिखिए:**

1. तुम लोग अलग-अलग रुप में देस की सेवा करो।
2. ईश्वर की क्रिपा से खुब उन्नति करो।

**उत्तर:** 1. तुम लोग अलग-अलग **रूप** में **देश** की सेवा करो।

2. ईश्वर की **कृपा** से **खूब** उन्नति करो।

**कृ.8. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुन: लिखिए:**

1. हाँ तुम्हारी राहें अवश्य अलग अलग हैं पर मंजिल एक है देश सेवा
2. ऐसे ही युवक आज देश को चाहिए जो मिल जुलकर रहें सच्चे दिल से देश की सेवा करें

**उत्तर:** 1. "हाँ, तुम्हारी राहें अवश्य अलग-अलग हैं, पर मंजिल एक है – देशसेवा।"

2. "ऐसे ही युवक आज देश को चाहिए, जो मिल-जुलकर रहें, सच्चे दिल से देश की सेवा करें।"

**क्र.9. परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. निश्चय  2. रक्षा

3. विश्वास  4. रूप

**उत्तर:** 1. अ + निश्चय = अनिश्चय

2. सु + रक्षा = सुरक्षा

3. अ + विश्वास = अविश्वास

4. स्व + रूप = स्वरूप

**क्र.10.परिच्छेद में आए निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. आक्रमण  2. कल्याण

**उत्तर:** 1. आक्रमण + कारी = आक्रमणकारी

2. कल्याण + कारी = कल्याणकारी

**क्र.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर उनके भेद सहित लिखिए:**

1. मैं पढ़ाई में नहीं किंतु खेल-कूद में आगे था।

2. मैं अवश्य देश की सेवा करूँगा।

**उत्तर:** 1. किंतु – समुच्चयबोधक अव्यय

2. अवश्य – क्रियाविशेषण अव्यय

**उत्तर:** 1. अपूर्ण भूतकाल

2. सामान्य भविष्यकाल

## पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी

**कृ.1. मोहन के मन में देश-प्रेम की भावना कब जाग उठी?**

**उत्तर:** मोहन खेल-कूद में अव्वल था। मोहन अक्सर इतिहास में भारत पर विदेशियों के आक्रमण की कहानी पढ़ता था। उन कहानियों को पढ़कर उसका खून खौलने लगता था। उसे यह गँवारा नहीं होता था कि कोई भी उसकी मातृभूमि की ओर बुरी नज़र डाले। उसने निश्चय किया कि वह सेना में भरती होकर अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए मिट जाने को तत्पर रहेगा। इस प्रकार मोहन के मन में देशप्रेम की भावना जागी।

**कृ.2. 'राहें अनेक: मंजिल एक' एकांकी द्वारा हमें कौन-सा संदेश मिलता है।**

**उत्तर:** प्रस्तुत एकांकी 'राहें अनेक : मंजिल एक' में लेखक ने तीन सहपाठियों की चर्चा की है। तीनों सहपाठी अपनी-अपनी इच्छानुसार प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। तीनों के क्षेत्र अलग-अलग हैं। गोपाल इंजीनियरिंग का प्रशिक्षण लेता है, तो कैलाश डाक्टरी का और मोहन फौजी का प्रशिक्षण लेता है। यद्यपि तीनों की पसंद अलग-अलग हैं, प्रशिक्षण अलग-अलग हैं और क्षेत्र भी अलग-अलग हैं, परंतु तीनों के मन में देश की सेवा करना ही एकमात्र उद्देश्य है। तीनों अपने-अपने तरीके से देश की सेवा करना चाहते हैं। इस एकांकी से हमें यह संदेश मिलता है कि भले ही रास्ते अलग-अलग हों पर हमेशा हमारा लक्ष्य राष्ट्रसेवा ही होना चाहिए।

## स्वमत अभिव्यक्ति

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**कृ.1 एक पूर्व सैनिक से साक्षात्कार हेतु प्रश्नावली बनाकर लिखिए:**

**उत्तर:** 1. सैनिक बनने का आपका क्या उद्देश्य था?

2. आपने सेना का प्रशिक्षण किस प्रकार प्राप्त किया?

3. आपका प्रशिक्षण काल कैसा रहा?

4. एक सैनिक के रूप में आप ने कैसा महसूस किया?